**एक नजर में**

## विज्ञान केन्द्र में किसान संगोष्ठी आयोजित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीएस किरार, वैज्ञानिक डॉ. एसके जाटव एवं जयपाल छिगारहा द्वारा दलहन आदर्श ग्राम रतनगुवा में चना, मटर, मसूर के प्रदर्शन अंतर्गत एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह किसान संगोष्ठी वाटरशेड एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्तरूप से की गयी।**

केंद्र के प्रमुख डॉ. बीएस किरार द्वारा किसानों को बताया गया कि चना एवं मटर फसल में फूल एवं फलियाँ आ रही हैं चूँकि मटर फसल परिपक्व अवस्था पर है तो उस में इल्लिया नहीं हैं लेकिन चना फसल में फली भेदक इल्ली हेलिकोवर्पा आर्मिजेरा के प्रकोप की संभावना ज्यादा है, यह चने का प्रमुख कीट है। इससे उत्पादन में 20 से 30 प्रतिशत की हानि होती है। यह कीट पूरा दाना खा जाती है एवं क्षतिग्रस्त फलियों में छिद्र दिखाई देने लगते हैं। इसके नियंत्रण हेतु किसान भाई फसल में पक्षियों के बैठने के लिए टी आकार की 2-3 फीट लंबी 12-15 खुटियाँ प्रति एकड़ लगायें, जिस पर पक्षी बैठकर इल्लियों को खाते रहते हैं। चने की इल्ली के प्रौढ नर कीटों को आकर्षित करने के लिए एक एकड़ में 4-5 फेरोमोन प्रपंच लगायें। इससे फसल में प्रौढ नर कीटों की संख्या नियंत्रित होती है। इसी तरह प्रकाश प्रपंच लाइट ट्रैप लगाने से भी कीटों की संख्या नियंत्रित होती है।

# विद्युत विभाग के ठेकेदार की कार्यप्रणाली से किसान परेशान

**खड़ी फसल के दौरान खेतों में खंभे लगाने के लगाए आरोप**

**पलेरा तहसील की ग्राम पंचायत नयागांव का है मामला**





**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़/पलेरा। तहसील पलेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नयागांव अतरार में विद्युत विभाग के ठेकेदार की कार्यप्रणाली को लेकर किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। किसानों का आरोप है कि उनकी खड़ी फसलों के बीच जबरन खंभे लगाने की तैयारी की जा रही है, जिससे उनकी साल भर की मेहनत बर्बाद होने की कगार पर है। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जब तक खेतों में फसल खड़ी है तवतक खंभे नहीं लगाए जाए। फसल कटने के उपरांत खंभे लगाने का कार्य शुरू हो जिसमे हम किसानों को कोई आपत्ति नहीं है।**

पीड़ित महिला किसान पार्वती रैकवार ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र में बिजली के खंभे लगाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने ठेकेदार से विनम्र अनुरोध किया है कि फिलहाल खेतों में फसलें खड़ी हैं, इसलिए उन्हें मात्र 1 महीने 30 दिन का समय दिया जाए। फसल कटने के तुरंत बाद ठेकेदार गड्ढे खोदकर खंभे लगा सकता है, जिससे किसी को कोई आपत्ति नहीं होगी। किसानों का आरोप है कि उचित मांग के बावजूद ठेकेदार उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है। पार्वती रैकवार ने बताया कि ठेकेदार द्वारा उन्हें धमकियां दी जा रही हैं और जबरन काम शुरू करने का दबाव बनाया जा रहा है। इससे किसान मानसिक रूप से परेशान हैं और उन्हें अपनी आर्थिक क्षति का डर सता रहा है।

ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से टीकमगढ़ कलेक्टर से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि उन्हें प्रशासन पर पूरा भरोसा है और वे चाहते हैं कि उनकी फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए ठेकेदार को 30 दिन की मोहलत देने के निर्देश दिए जाएं।

महिला किसान लाडकुवर रैकवार ने बताया कि विद्युत ठेकेदार लगातार 7 दिन से अपनी मनमानी से हमारे खेत में जेसीबी और ट्रैक्टर से हमारी फसल खराब करना चहता हैं और हमें थाने में बैठने की धमकी भी दे रहा है हमारे छोटे-छोटे बच्चे हैं अगर हमारी फसल बर्बाद हो जाएगी तो हम कहां से खाना पीना खाएंगे हमारे टीकमगढ़ कलेक्टर से मांग है कि हमें 30 दिन का समय दिया जाए जिससे हमारी फसल कट जाए इसके बाद हमारे खेत में खम्मा लगा दिया जाए।

### कलेक्टर से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से टीकमगढ़ कलेक्टर से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि उन्हें प्रशासन पर पूरा भरोसा है और वे चाहते हैं कि उनकी फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए ठेकेदार को 30 दिन की मोहलत देने के निर्देश दिए जाएं। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जब तक खेतों में फसल खड़ी है तवतक खंभे नहीं लगाए जाए। फसल कटने के उपरांत खंभे लगाने का कार्य शुरू हो जिसमे हम किसानों को कोई आपत्ति नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य को करने वाले ठेकेदार जबरन मनमानी कर रहे है।

### जेसीबी और ट्रैक्टर से फसल खराब करने का प्रयास

महिला किसान लाड़कुवर रैकवार ने बताया कि विद्युत ठेकेदार लगातार 7 दिन से अपनी मनमानी से हमारे खेत में जेसीबी और ट्रैक्टर से हमारी फसल खराब करना चहता हैं और हमें थाने में बैठने की धमकी भी दे रहा है हमारे छोटे-छोटे बच्चे हैं अगर हमारी फसल बर्बाद हो जाएगी तो हम कहां से खाना पीना खाएंगे हमारे टीकमगढ़ कलेक्टर से मांग है कि हमें 30 दिन का समय दिया जाए जिससे हमारी फसल कट जाए इसके बाद हमारे खेत में खम्मा लगा दिया जाए। किसानों ने बताया कि अगर खड़ी फसल के बीच यह कार्य नही रोका गया तो हम सभी किसानों की मेहनत पर पानी फिर जाएगा।

## बुंदेली लोक गायक ने गायन किया प्रस्तुत



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मातृ धाम छिपरी में महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन जारी है। सात दिवसीय इस समारोह में गुरुवार रात बुंदेली लोक गायक जितेंद्र चौरसिया ने अपने साथी कलाकारों के साथ आल्हा गायन प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बुंदेली पारंपरिक नृत्य का भी मंचन किया गया।**

इससे पहले, दोपहर में वृंदावन धाम से पधारीं साध्वी पीतांबरा ने श्रीमद् भागवत कथा सुनाई। उन्होंने सामाजिक मूल्यों पर स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि जहां भाई-भाई के साथ बेईमानी करने लगता है, वहीं से कलियुग का वास आरंभ हो जाता है। साध्वी ने युवा पीढ़ी को अपनी जीवनशैली पर आत्ममंथन करने और भक्ति व साधना से जुड़ने की प्रेरणा दी। संत श्री रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार के सानिध्य में आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भागवत कथा सुनने और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। गुरुवार रात के कार्यक्रम में संत श्री रविशंकर महाराज सहित बड़ी संख्या में दर्शक देर रात तक मौजूद रहे। सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में जितेंद्र चौरसिया और उनकी टीम ने बुंदेली नृत्य और आल्हा गायन का मनमोहक मंचन किया। पारंपरिक वेशभूषा, लयबद्ध ताल और लोक संस्कृति से ओतप्रोत इस प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। 9 से 15 फरवरी तक चलने वाले इस उत्सव में आज शुक्रवार बुंदेली गायिका कविता शर्मा अपनी टीम के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। महोत्सव के दौरान 14 फरवरी प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा भजनों की प्रस्तुति देंगे।

## सिविल सेवा बास्केटबॉल का प्रतिनिधित्व करेंगे तारिक



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीडा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय सिविल सेवा बास्केटबॉल पुरूष एवं महिला प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन आनंदबास बास्केटबॉल सेन्टर बाल भारती पब्लिक स्कूल दिल्ली में 17 फरवरी से 23 फरवरी 2026 तक किया जा रहा है।**

प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु मप्र सिविल सेवा बास्केटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करने हेतु चयन समिति की अनुशंसा अनुसार प्रदेश के खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिसमें टीकमगढ़ जिले की तहसील कार्यालय मोहनगढ़ में पदस्थ्य पटवारी मोहम्मद तारिक का चयन म.प्र. सिविल सेवा बास्केटबॉल की पुरूष टीम में हुआ है, तारिक 17 फरवरी से 23 फरवरी 2026 तक प्रतियोगिता में भाग लेंगे। पटवारी मोहम्मद तारिक की इस उपलब्धि पर अधिकारियों सहित जिले के खेल प्रेमियों तथा परिवारजनों ने शुभकामनाएं दी। क्रीडा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय सिविल सेवा बास्केटबॉल पुरूष एवं महिला प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन आनंदबास बास्केटबॉल सेन्टर बाल भारती पब्लिक स्कूल दिल्ली में 17 फरवरी से 23 फरवरी 2026 तक किया जा रहा है।

## आयुष पद्धति के प्रचार-प्रसार पर जोर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आयुष पद्धति का प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता लाने के लिए संचालनालय आयुष भोपाल मध्य प्रदेश एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. विनोद कुमार के मार्गदर्शन में शासकीय होम्योपैथिक औषधालय अहार के द्वारा ग्राम बाबाखेरा के आंगनवाड़ी केंद्र में निःशुल्क आयुष शिविर लगाया गया। शिविर में 89 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं निःशुल्क औषधि प्रदान की गई।**

शिविर में स्त्रीरोग, वातरोग, आमवत, उदर रोग, चर्म रोग, कास रोग, प्रतिशयाय आदि रोगों की औषधियों को वितरित किया गया। साथ ही आहार बिहार और बसंत ऋतु में होने वाले रोगों के बचाव के उपाय बताए एवं कुपोषण को दूर करने में जागरूकता प्रदान की गई तथा औषधीय पौधों के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेंद्र जैन, कम्पाउण्डर अर्पित जैन, भूपेन्द यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा एवं सहायिका उपस्थित रहीं।

## बैंकर्स कमेटी की बैठक में पीएम स्वनिधि पर हुई चर्चा



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जनपद पंचायत सभाकक्ष टीकमगढ़ में एलडीएम, लीड बैंक की अध्यक्षता में बीएलबीसी ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विशेष रूप से पीएमएफएमई, पशु केसीसी तथा पीएम स्वनिधि योजना पर विस्तृत चर्चा हुई।**

बैठक में इन प्रमुख योजनाओं की विभागवार और शाखावार प्रगति की समीक्षा की गई और उनके प्रभावी क्रियान्वयन, लक्ष्यों की प्राप्ति तथा लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा अन्य शासकीय योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर आरबीआई, भोपाल से एलडीओ धीरज गुप्ता, नाबार्ड से डीडीएम मिर्जा फैसल बैग, भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा से मुख्य प्रबंधक धीरेन्द्र चौरसिया, विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारीगण एवं संबंधित बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। शाखा प्रबंधक बैठक में अनुपस्थित रहे।

## मकनपुर शरीफ से आए हजरत पहुंचे टीकमगढ़

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। आले नवी औलादे अली हजरत सैय्यद अख्तर मियां मदारी मकनपुर शरीफ मंगलवार रात 8 बजे पहुंचे वह यहां दो दिनों तक रूकेंगे। अगले दिन बुधवार की सुबह अख्तर मियां मदारी साहब मदार चिल्ला स्थित जिंदाशाह मदार की दरगाह पर पहुंचे जहां उन्होंने दरगाह पर अपनी हाजिरी लगाई।**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मकनपुर शरीफ से आए आले नवी औलादे अली हजरत सैय्यद अख्तर मियां मदारी साहब पुराना बस स्टैंड स्थित डॉ. खान की गली में निवासरत सर्व समाज फाउंडेशन के युवा प्रदेश अध्यक्ष सलमान खान के निज निवास पर ठहरे हुए हैं। वह यहां दो दिवसीय साधारण प्रवास पर आए थे। उनके आने की जानकारी लगते ही दूर दराज से लोग उनसे मुलाकात करने पहुंच रहे हैं।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रसिद्ध बगाज माता देवी मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शुरू हो गया है। गुरुवार को समारोह के पहले दिन ग्राम पंचायत बकपुरा से बगाज माता मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई।**

इस कलश यात्रा में ढोल-नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए शामिल हुए। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाए। मंदिर पहुंचने पर विधि-विधान से कलश स्थापना की गई। कथा के मुख्य यजमान सुरेश तिवारी ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 12 फरवरी से 18 फरवरी तक किया जाएगा। बुंदेलखंड पीठाधीश्वर एवं धजरई हनुमान मंदिर के महंत सीताराम दास महाराज कथा का वाचन करेंगे। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से हरि इच्छा तक होगा। कथा के समापन पर कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा के पहले दिन महंत सीताराम दास महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवान का नाम स्मरण करने से सभी संकटों से मुक्ति मिलती है।

महंत ने बताया कि सतयुग, द्वापर युग और त्रेता युग में भगवान ने दुष्टों का संहार करने के लिए धरती पर अवतार लिया था। इसी तरह जब कलियुग में पाप और अत्याचार अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाएंगे, तब भगवान एक बार फिर कल्कि अवतार के रूप में जन्म लेंगे। प्रसिद्ध बगाज माता देवी मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शुरू हो गया है। समारोह के पहले दिन ग्राम पंचायत बकपुरा से बगाज माता मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई। शुक्रवार को नशामुक्ति संकल्प कार्यक्रम हुआ।

## महाविद्यालय में वित्तीय साक्षरता शिविर संपन्न

**भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ हुए शामिल**

**विद्यार्थियों को केवाईसी की प्रक्रिया से कराया अवगत**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय रिज़र्व बैंक के एलडीओ धीरज गुप्ता के मार्गदर्शन में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर कैलाश नारायण आर्य, एफएलसी नसीम सिद्दीकी तथा कॉलेज प्राचार्य केसी जैन उपस्थित रहे।**

कार्यक्रम में धीरज गुप्ता ने विद्यार्थियों को केवाईसी की प्रक्रिया और उसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बैंक ग्राहक के लिए समय-समय पर अपनी केवाईसी जानकारी अपडेट कराना अत्यंत आवश्यक है। यदि री-केवाईसी नहीं कराई जाती तो खाते से संबंधित सेवाओं में परेशानी आ सकती है। सही एवं अद्यतन जानकारी देने से बैंक खाता सुरक्षित रहता है और भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होती। उन्होंने साइबर फ्रॉड के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान फोन कॉल, संदेश या लिंक पर अपनी बैंकिंग जानकारी जैसे ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड या खाता संख्या कभी साझा न करें। बैंक या आरबीआई कभी भी फोन कर ऐसी गोपनीय जानकारी नहीं मांगते। यदि कोई संदिग्ध कॉल या लेनदेन दिखाई दे तो तुरंत बैंक से संपर्क करें या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करें। कार्यक्रम के दौरान एलडीओ धीरज गुप्ता द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ वित्तीय जागरूकता विषय पर प्रश्नोत्तरी क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सही उत्तर देने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि डिजिटल लेनदेन करते समय सावधानी बरतें।

### सही उत्तर देने वाले छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

कार्यक्रम में सही उत्तर देने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। विद्यार्थियों से अपील की कि डिजिटल लेनदेन करते समय सावधानी बरतें और जागरूक रहें, क्योंकि सतर्कता ही साइबर ठगी से बचने का सबसे प्रभावी उपाय है।

**बैठक** — कलेक्टर ने अधिकारियों को व्यवस्था बनाने के दिए निर्देश

# कुंडेश्वर धाम में होने वाले शिवरात्रि महोत्सव को लेकर बैठक



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पुलिस अधीक्षक के साथ कुण्डेश्वर धाम मंदिर परिसर टीकमगढ़ में शिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित महोत्सव के संबंध में बैठक ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, एएसपी विक्रम सिंह कुशवाह, एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, तहसीलदार सतेन्द्र सिंह गुर्जर सहित समिति के सदस्य तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।**

बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने शिवरात्रि पर संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित महादेव महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया तथा सभी व्यवस्थायें दुरूस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थायें समय पर पूर्ण करें। उन्होंने शिवरात्रि पर भीड़ नियंत्रण हेतु पुलिस द्वारा ट्राफिक व्यवस्था, कानून व्यवस्था सहित लॉ इन ऑडर के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। ज्ञातव्य है कि संस्कृति विभाग, मप्र शासन द्वारा टीकमगढ़ स्थित कुण्डेश्वर धाम मंदिर परिसर में शिव-सत्य की कला अभिव्यक्तियों पर एकाग्र महादेव महोत्सव का आयोजन 15 फरवरी, 2026 को सायं 6:30 बजे से किया जाएगा। समारोह में सती लीला, लोक गायन एवं भक्ति गायन की प्रस्तुतियाँ संयोजित की जाएंगी। यह आयोजन शिवभक्ति, लोक परम्परा और शास्त्रीय-सुगम कलाओं के सुरम्य संगम के रूप में श्रद्धा और भक्ति की एक अनुपम संध्या रचेगा। संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से यह आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पुलिस अधीक्षक के साथ कुण्डेश्वर धाम मंदिर परिसर टीकमगढ़ में शिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित महोत्सव के संबंध में बैठक ली।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, एएसपी विक्रम सिंह कुशवाह, एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, तहसीलदार सतेन्द्र सिंह गुर्जर सहित समिति के सदस्य तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। महादेव महोत्सव का आयोजन 15 फरवरी, 2026 को सायं 6:30 बजे से किया जाएगा। समारोह में सती लीला, लोक गायन एवं भक्ति गायन की प्रस्तुतियाँ संयोजित की जाएंगी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले भर के शिव मंदिरों में शिवरात्रि पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाने की तैयारियां की जा रही है।

### बैठक में इनकी रही मौजूदगी

शिवरात्रि पर्व को लेकर आयोजित बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के साथ जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, एएसपी विक्रम सिंह कुशवाह, एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, तहसीलदार सतेन्द्र सिंह गुर्जर सहित समिति के सदस्य तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## केवाईसी अपडेट की दी जा रही जानकारी

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टीकमगढ़ में वित्तीय साक्षरता कैंप आयोजित किया गया। कैंप में प्रशिक्षणार्थियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, बैंक ऋण योजनाओं, सही खाते संचालन और केवाईसी अपडेट के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।**

साथ ही साइबर सुरक्षा और डिजिटल लेनदेन में सतर्क रहने के उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को सुरक्षित बैंकिंग और समझदारी से निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन आरबीआई भोपाल के एलडीओ धीरज गुप्ता, अग्रणी जिला प्रबंधक केएन आर्य एवं एफ एलसी नसीम सिद्धिकी द्वारा किया गया।

## वृद्ध आश्रम में आयुष विभाग का कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला आयुष अधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि आयुष विभाग टीकमगढ़ द्वारा हॉलिस्टिक वैलनेस अवधारणा के अंतर्गत मातृ-पितृ छाया वृद्ध आश्राम मामौन एवं श्रेया ग्राम विकास समिति कुंडेश्वर द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम में शिविर का आयोजन किया गया।**

शिविर में मुख्य अतिथि विवेक चतुर्वेदी रहे एवं अन्य अतिथि मामौन सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर यादव तथा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित वरिष्ठजनों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने मध्य प्रदेश सरकार के आयुष विभाग की हॉलिस्टिक वैलनेस योजना के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही तनाव रहित रहने के लिए जीवन में संतोष का महत्व भी बताया। इस अवसर पर आयुष विभाग द्वारा वृद्ध आश्रम में फल वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। साथ ही सभी वरिष्ठ जनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आयुर्वेदिक औषधियां प्रदान की गईं।